दिन–सोमवार दिनांक– 22 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन–ग्रामीण विकसित भारत– जी राम जी विधेयक, दो हजार पच्चीस को मंजूरी दे दी है। संसद ने इसे शीतकालीन सत्र के दौरान पारित किया था। यह अधिनियम मनरेगा का स्थान लेगा। इसके अंतर्गत प्रत्येक वित्तीय वर्ष में हरेक ग्रामीण परिवार को एक सौ पच्चीस दिनों की मजदूरी की वैधानिक गारंटी प्रदान की जाएगी, इसमें परिवार के वयस्क सदस्य जो अकुशल शारीरिक श्रम करने के लिए इच्छुक हैं उन्हें मजदूरी दी जाएगी।

————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच शिष्टाचार मुलाकात के दौरान बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत और नई सरकार की कामकाज को लेकर भी चर्चा हुई। श्री कुमार ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की। राज्य में नई सरकार के गठन के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पहली बार दो दिवसीय दौरे पर नई दिल्ली पहुंचे हैं। इस दौरान वे अपना रूटीन मेडिकल जांच भी करायेंगे।

————————————————————

जदयू के वरिष्ठ नेता और ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात राज्य के विकास का मार्ग और प्रशस्त करेगी। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुये उन्होंने कहा कि दोनों वरिष्ठ नेताओं के बीच सात निश्चय योजना तीन पर चर्चा की गयी है। साथ ही राज्य के विकास में केन्द्र सरकार और बढ़चढ़ कर कैसे मदद कर सकती है, इसपर भी विचार किया गया।

————————————————————

पूरा प्रदेश घने कोहरे और कड़ाके की ठंड की चपेट में है। अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान के बीच अंतर कम होने से ठंड और कनकनी का एहसास बढ़ गया है। राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकांश भागों में शीत दिवस की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग ने अपने पुर्वानुमान में कहा है कि अगले तीन से चार दिनों के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिम, दक्षिण–पश्चिम और मध्य भागों में अनेक स्थानों पर कोल्ड डे की स्थिति बनी रहेगी। इसे लेकर विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं,

सीतामढ़ी, शिवहर समेत राज्य के उत्तर–मध्य भागों में कई स्थानों पर घना कोहरा छाये रहने की सम्भावना है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान नालंदा का राजगीर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान छह दशमलव छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

घने कोहरे के कारण दृश्यता का स्तर कम होने से रेल, सड़क और हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। कल पटना आने–जानी वाली छह उड़ाने रद्द रही। वहीं, चालीस विमानों के परिचालन में देरी हुई। गया, दरभंगा और पूर्णिया हवाई अड्डे पर भी कई विमानों के परिचालन में देरी हुई। लम्बी दूरी की कई रेलगाड़ियों का परिचालन भी प्रभावित हुआ है।

———————————————————————

केन्द्रीय वस्त्र मंत्रालय के हस्तशिल्प विभाग और बिहार संग्रहालय के संयुक्त तत्वावधान में आज से पटना के गांधी मैदान में शिल्प मेला की शुरूआत हो गयी है। कला और संस्कृति मंत्री अरूण शंकर प्रसाद शिल्प बाजार का उद्घाटन किया। मेले में पद्मश्री से सम्मानित चार लोक कलाकारों बौआ देवी, दुलारी देवी, अशोक विश्वास और जगदीश पंडित के शिल्पों की प्रदर्शनी भी लगायी गयी है।

———————————————————————

मधुबनी जिले में कल से दो दिवसीय राज्यस्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन हो रहा है। महोत्सव में भाग लेने के लिए विभिन्न जिलों की टीमें मुधबनी पहुंच रही हैं।

———————————————————————

मुंगेर जिले के चौंतीस कलाकारों का दल युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए रवाना हुआ। अपर समाहर्ता मनोज कुमार सिंह ने टीम को शुभकामनाओं के साथ रवाना किया। वहीं, रोहतास जिले के इक्कीस खिलाड़ियों का दल युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए सासाराम के फजलगंज स्थित न्यू स्टेडियम से रवाना हुआ।

———————————————————————

अररिया के जिलाधिकारी विनोद दूहन ने जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को सभी परिवादों के शीघ्र निपटारे के निर्देश दिये हैं।

———————————————————————

मधेपुरा जिले के ग्वालपाड़ा थाना क्षेत्र अन्तर्गत ध्याम गांव में अपराधियों ने एक फार्मासिस्ट छात्र को गोली मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

———————————————————————

शेखपुरा जिले के पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामनुजम की जयंती समारोह पूर्वक मनायी गयी।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। अब आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।